प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा ने बदाय् के सैजनी गांव में विद्युत उपकेंद्र का किया शिलान्यास : कहा– डबल इंजन सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए है प्रतिबद्ध।
2. प्रदेश सरकार ने अगले तीन वर्षों के दौरान पच्चीस लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का रखा लक्ष्य : वर्ष के अंत तक अस्सी हजार घरों में लग जायेंगे सालर पैनल।
3. नहाय–खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व पांच नवम्बर से होगा शुरू : नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने घाटों की साफ–सफाई और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के दिए निर्देश।

और

4. प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है भाई दूज का पर्व : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी शुभकामनाएं।

———————

प्रदेश के बदायूं जिले के दातागंज तहसील के सैजनी गांव में आज केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा ने एक विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास किया। इस उपकेंद्र के निर्माण पर 6 करोड़ 83 लाख रुपये से अधिक की लागत आएगी।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इस विद्युत केंद्र के बन जाने से क्षेत्र मे ओवर लोडिंग की समस्या खत्म होगी और बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। उन्होने कहा कि डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट...

*2014 के बाद जिस तरह से लगातार बिजली के कनेक्शन बढ़े, चाहे सिंचाई के लिए ट्यूबवेल के कनेक्शन हों, उद्योग के लिए बहुत सारे कनेक्शन, इसके साथ–साथ सौभाग्य योजना बिजली के कनेक्शन किये जाने के लिए अन्य घरेलू कनेक्शन तो लगातार बिजली की खपत बढ़ी है, तो लगातार हमारे बिजलीघर तो बन रहे थे, लेकिन आज ये 33/11 केवीए. का बिजली घर मुझे लगता है कि इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत बड़ा वरदान साबित होगा और ओवरलोडिंग की समस्याएं कम होंगी।*

———————————

प्रदेश सरकार ने अगले तीन वर्षो में पच्चीस लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा है, अब तक 48 हजार से अधिक घरों मे सोलर पैनल लगाये जा चुके हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और तीस हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल जायेगा। इसी प्रकार पीएम कुसुम योजना के तहत 2027 तक दो हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसानों को

उनकी बंजर जमीन पर सोलर पैनल लगाने के साथ ही अतिरिक्त आय का स्रोत भी प्राप्त हो सकेगा। प्रदेश सरकार ने सौर ऊर्जा और बायो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये हैं। इसका उद्देश्य प्रदेश में बिजली की मांग को शत–प्रतिशत पूरा करने के साथ ही राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिये एक मजबूत आधार तैयार करना भी है।

——————————

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के साठ हजार दो सौ चौवालीस पदों पर भर्ती के लिये हुयी लिखित परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी कल प्रकाशित कर दी गयी। सभी अभ्यर्थी नौ नवम्बर तक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट पर अन्तिम उत्तर कुंजी देख सकते हैं। भर्ती बोर्ड जल्द ही कट–ऑफ अंक जारी करने की तैयारी कर रहा है।

——————————

चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 5 नवंबर से नहाए खाए के साथ होगी। 7 नवम्बर को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य तथा 8 नवंबर को सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस पर्व का समापन होगा। चार दिन तक चलने वाले इस पर्व पर छठी मैया आर सूर्यदेव की पूजा होती है। इस दिन संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु

के लिए माताएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगी। छठ पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई है बाजार सजने शुरू हो गए हैं। घाटों की साफ–सफाई और छठ वेदियों की रंगाई–पुताई का कार्य शुरू हो गया हैं हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि की एक रिर्पोट....

*नहाए खाए से चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 5 नवंबर से हो रही है। 6 को खरना होगा। 7 नवंबर को छठ व्रती महिलाएं विभिन्न नदियों तालाब और कृत्रिम घाट पर बने छठ माता की पूजा अर्चना करेगी तथा डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके साथ ही 8 नवंबर को सुबह दुबारा उसी घाट पर पहुंचकर छठ माता की पूजा अर्चना करने के बाद उठते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसको लेकर गोरखपुर जनपद में तैयारियां तेज हो गई है बाजार सजने शुरू हो गए हैं महेवा मंडी में विभिन्न प्रकार के फल पहुंच गए हैं। फुटकर व्यापारी मंडी से थोक में माल खरीद कर बाजार लगा रहे हैं। बता दें कि विभिन्न प्रकार के फलों डाला, सूप इत्यादि की खरीदारी 7 नवंबर को दोपहर तक लोग बड़े ही आस्था भाव के साथ करेंगे। आज रविवार को भी बाजारों में लोगों ने फल की खरीदारी की। गिरीश नारायण चौबे आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।*

————————

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा और लखनऊ की महापौर सुषमा खकवाल ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर आज लखनऊ में छठ पूजा घाटों में की जा रही व्यवस्थाओं एवं साफ–सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों की चाक–चौबंद व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए समय से सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें।

———————

भारतीय रेलवे छठ पूजा के दौरान सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 145 अतिरिक्त  विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। ये रेलगाडियां इस महीने की दो से आठ तारीख तक चलाई जा रही हैं।

वहीं उत्तर रेलवे द्वारा छठ पर्व के अवसर कल चार नवम्बर को विभिन्न राज्यों के लिए पर 39 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। इसके अलावा 32 रेलगाड़ियां आज उत्तर–मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजर रही हैं।

यात्रियों की सुविधा के लिए बुकिंग विंडो के अलावा टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से भी यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

भाई दूज का त्यौहार आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भैया दूज पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि भइया दूज का पर्व कर्तव्य, आत्मीयत, त्याग और सामाजिक एकता की भावना का प्रतीक है।

बलरामपुर में भाई दूज पर पारंपरिक ढंग से बहनों द्वारा पूजन अर्चन कर भाइयों की लंबी उम्र की कामना की गयी। बदायूं जिले में भाई दूज का पर्व उमंग और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आगरा, इटावा और फिरोजाबाद जिला जेल में बंदी भाइयों से मिलने पहुंचीं बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर उनकी लंबी आयु और जल्द रिहाई की कामना की। भैयादूज पर मथुरा में यमुना स्नान की एक विशेष पौराणिक मान्यता है। जिसके अनुसार यम की फांस से मुक्ति पाने की अभिलाषा लेकर हजारों भाई–बहनों ने आज विश्राम घाट पर यमुना में स्नान किया। हमारे मथुरा प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

*भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार भैयादूज धूमधाम से मनाया जा रहा है लेकिन मथुरा में इसे लेकर कुछ अलग ही धार्मिक मान्यता है। यहां इस दिन यम की फांस से मुक्ति की कामना लेकर भाईण्बहन यमुना में डुबकी लगाते हैं। मथुरा के यमुना तट पुण्य विश्राम घाट पर यमुना धर्म राज का प्राचीन मंदिर है। स्नान के बाद भाई बहन इनका दर्शन करते हैं। यमुना जी को वस्त्र श्रृंगार सामग्री और धर्मराज को काला वस्त्र अर्पित करते हैं। भीड़ को देखते हुए यमुना घाटों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। यमुना में 25 फीट तक श्रद्धालुओं के स्नान सुनिश्चितकरने के लिए बल्लियां लगाई*

*गई हैं। किसी भी प्रकार के हादसे को रोकने के लिए पीएसी के गोताखोरों की तैनाती भी की गई है। उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

———————

राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा दो हजार पच्चीस–छब्बीस दस नवम्बर को प्रदेश के तीन सौ अठहत्तर कन्द्रों पर सम्पन्न होगी। इसे लेकर परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि परीक्षा में एक लाख सत्तावन हजार तेरह परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये प्रदेश के सभी जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

———————

वाराणसी में शिवाला स्थित चेत सिंह किला परिसर में आज से तीन दिवसीय आध्यात्मिक समागम की शुरूआत हुई। दक्षिण भारतीय पीठ विशाखा शारदा पीठम की ओर से आयोजित आध्यात्मिक समागम में सुबह गंगा स्नान, विश्वनाथ मानस दीक्षा धारण के बाद यज्ञ का संकल्प लिया गया। इसके बाद समागम में महारुद्र सहित शतचंडी यज्ञ, चारों वेदों का जाप–पारायण, संपूर्ण कृष्ण यजुर्वेद हवन, श्रीमद् सुंदरकांड का पाठ और हवन के अनुष्ठान शुरू हुए। इसमें लगभग 200 दक्षिण और उत्तर भारत के कई विचारधाराओं क आध्यात्मिक नेता, संत और महंत भाग ले रहे हैं।

———————

उत्तराखंड स्थित ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट आज वैदिक मंत्रों के साथ विधि–विधान के अनुसार शीतकाल के लिए बंद किए गए। इस मौके पर केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे।

———————

लखनऊ के रिवर फ्रंट पार्क में नौ नवम्बर से गोमती पुस्तक मेला शुरू होगा। नौ दिवसीय पुस्तक मेला 17 नवम्बर तक चलेगा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और नेशनल बुक ट्रस्ट की ओर से इस पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है।

———————

गोवंशीय पशुओं के नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए नन्दिनी कृषक योजना के तहत कुशीनगर जिले में चार इकाईयां स्थापित की जाएंगी। प्रत्येक इकाई की स्थापना पर लगभग 23 लाख 60 हजार रूपये की लागत आयेगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रवींद्र प्रसाद ने बताया कि परियोजना के मानकों को पूर्ण करने पर प्रति इकाई परियोजना लागत का 50 प्रतिशत और अधिकतम 11 लाख 80 हजार रुपये की सीमा तक अनुदान दो किस्तों में में दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत गीर

साहीवाल व थारपारकर नस्ल की स्वदेशी गायें ही शामिल होंगी।

———————

नवम्बर माह की शुरूआत के साथ ही मौसम के मिजाज में बदलाव दिखने लगा है। आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुबह धुंध और हल्के कोहरे का असर देखा गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के दिन में मौसम शुष्क रहेगा जबकि रातें ठंडी होंगी।

———————